सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
वैशाख 11, सोमवार, *शाके* 1945-मई 01, 2023 *Vaisakha 11, Monday , Saka 1945- May 01, 2023*	

भाग 6 (ख)

जिला बोर्डो ,परिषदों एवं नगर आयोजना संबंधी ,विज्ञप्तियां आदि।

नगरीय विकास विभाग

अधिसूचना

जयपुर, अप्रेल 27, 2023

संख्या प.12(4)नविवि /भीलवाडा/2022 :-राजस्थान नगर सुधार न्यास अधिनियम, 1959 (अधिनियम संख्या 35 सन् 1959) की धारा 32 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार एतद्द्वारा घोषित करती है कि :-

नगर विकास न्यास, भीलवाडा में नगर परिषद क्षेत्र भीलवाडा की सीमा में तिलक नगर योजना का विस्तार बनाना निश्चित किया है। जिसमें योजनाओं की सीमाएं निम्न प्रकार है :-

पूर्व:- भीलवाडा-माण्डलगढ रोड पर आराजी नम्बर 3733 ग्राम सुवाणा से प्रारंभ होकर प्रस्तावित रिंग रोड 200' को शामिल करते हुए रिंग रोड के सहारे-सहारे सुवाणा की आराजी नम्बर 3314 तक एवं ग्राम हरणीकलां की आराजी नम्बर 266 माईनर नहर के सहारे-सहारे मेजा बांध को मुख्य नहर आराजी नम्बर 519 ग्राम हरणीकलां तक।

पश्चिम:- भीलवाड़ा-माण्डलगढ रोड पर आराजी नम्बर 1131, 1132 ग्राम भीलवाडा से प्रारंभ होकर आराजी नम्बर 1224 आबादी ग्राम भीलवाडा को काटती हुई आराजी नम्बर 1629 तक एवं हरनी महादेव रोड के सहारे-सहारे नहर तक।

उत्तर:- भीलवाडा-माण्डलगढ़ रोड के सहारे-सहारे आराजी नम्बर 1131, 1132 ग्राम भीलवाडा से प्रारंभ होकर सुवाणा ग्राम की सीमा को काटते हुए ग्राम सुवाणा के आराजी नंबर 3733 तक।

दक्षिण:- भीलवाडा हरनी महादेव रोड पर नहर के कोने आराजी नम्बर 595 ग्राम हरनी से प्रारंभ होकर नहर के सहारे-सहारे आराजी नम्बर 519 ग्राम हरनी व सुवाणा माईनर नहर के कोने तक व ग्राम हरणीकलां के आराजी नम्बर 266 से मास्टर प्लान की प्रस्तावित 120’ रोड को शामिल करते हुए 120’ रोड के सहारे-सहारे सुवाणा आराजी नम्बर 3314 तक ।

उक्त योजना में उपरोक्त सीमाओं में समविष्ठ क्षेत्र राजस्व ग्राम भीलवाडा, सुवाणा, नई ईरास हरनीकलां की भूमि है। उपयुक्त योजना की विशिष्ठया योजना में समविष्ट क्षेत्र का नक्शा व प्रस्तावित रूप में अवाप्त की जाने वाली भूमि का विवरण नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा के कार्यालय में कार्य दिवसों में अपरान्ह 3 बजे से 5 बजे तक देखा जा सकता है।

राज्यपाल की आज्ञा से,

मनीष गोयल,
संयुक्त शासन सचिव-प्रथम।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।